Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 24-06-2022 | अंक 265

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# चाणक्य आइएएस एकेडमी की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में 50 से अधिक अभ्यर्थी किए गए सम्मानित

## आसमान में सितारों को छूने की कोशिश करेंगे तो चांद को छूना होगा आसान : एके मिश्रा

## सपना ऐसा हो जो आप खुली आंखों से देखें और मंजिल पाने तक वह आपको सोने ना दे : विनय मिश्रा








**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

रांची। आसमान में सितारों को छूने की आप कोशिश करेंगे तो चांद को छूना आपके लिए आसान होगा। इसलिए हमेशा लक्ष्य उंचा रखें ताकि सफलता की ख्वाहिश जो आपके मन में है, वह हकीकत में तब्दील हो सके। कामयाबी सिर्फ सोंचने से नहीं बल्कि उसे पूरा करने के लिए जुनून, जज़्बा और साहस की आवश्यकता है, जिसे सभी विद्यार्थियों को अपने आप में विकसित करना चाहिए। उक्त बातें चाणक्य आइएएस एकेडमी के संस्थापक व सक्सेस गुरू एके मिश्रा ने चाणक्य आइएएस एकेडमी की ओर से मोरहाबादी स्थित रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट अ०डीटोरियम में 7वीं से 10वीं जेपीएससी में सफल अभ्यर्थियों के लिए आयोजित सम्मान समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जो अभ्यर्थी सफल हुए हैं उन्हें मेरी और चाणक्य परिवार की ओर से बधाई लेकिन जो कुछ अंकों से चूक गए हैं, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि असफलता को चुनौती के रूप में लेने की जरूरत है। हरिवंश राय बच्चन ने कहा था कि असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो, क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व चाणक्य आइएएस एकेडमी के फाउंडर चेयरमैन एके मिश्रा, संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा, एकेडमिक हेड अनवर हुसैन, राजेन्द्र तिवारी, सुनिल जायसवाल के हाथों दीप प्रज्वलन कर सम्मान समारोह की शुरुआत की गई। स्वागत भाषण के दौरान संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने मौजूद सभी अतिथियों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता, सही दिशा में नियमित परिश्रम, समय का सदुपयोग और उचित मार्गदर्शन से मिलता है, जिसे सभी विद्यार्थियों को ज़ेहन में रखने और उस पर अमल करने की जरूरत है। वहीं चाणक्य आइएएस एकेडमी में तैयारी कर छठा जेपीएससी में रैंक एक हासिल कर डीएसपी बने प्रदीप प्रणव ने एके मिश्रा, विनय मिश्रा और जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जेपीएससी और यूपीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को सफलता के कई अहम टिप्स भी दिए। बताते चलें कि इस कार्यक्रम में संस्थान में तैयारी कर 7वीं से 10वीं जेपीएससी में सफल अभ्यर्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने संस्थान के झारखंड हेड अभिनव मिश्रा का अहम योगदान रहा।

# सिन्हा ट्यूशन क्लास के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से हुए पास, अक्षत गुप्ता बने टॉपर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



सफल विद्यार्थीगण

सिन्हा ट्यूशन क्लास ,न्यू कॉलोनी बरही, पिछले 11 वर्षो का रिक०र्ड को बरकरार रखते हुए इस बार भी इस ट्यूशन क्लास के सभी लड़के और लड़कियां ने जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2022 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए । सफल विद्यार्थियों में अक्षत गुप्ता 91.4 %,प्रवीण यादव 81% ,आशीष कुमार 76.6 %,अतुल कुमार 84.8 %, दुर्गा कुमारी 80.6:, आकांक्षा गुप्ता 92.8% पन्नू कुमार 87. 6%, सचिन राना 89. 8%, मुस्कान कुमारी 80. 6:,नेहा कुमारी 85. 8%,सतीश यादव 80. 4%, प्रज्ञा कुमारी 79.8:, गौतम कुमार यादव 87. 6%,ओम केशरी 83.2%, सौरभ कुमार 85. 6%,पवन सिंह 85. 2%,रवि कुमार 88% और सुधांशु कुमार राणा 89.4% अंक लायें । ट्यूशन क्लास के डायरेक्टर मनीष कुमार सिन्हा ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी को बधाई दिए।

# कांग्रेस नेता अरुण साहू ने जनसंपर्क कर जाना लोगो की समस्या

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं बरही विधानसभा के कांग्रेस के युवा नेता अरुण साहू ने चौपारण प्रखंड अंतर्गत पड़रिया पंचायत के नरियाही में जनसंपर्क कर उनकी जन समस्याओं को जाना। वहीं जनता को सम्बोधित करते हुए अरुण साहू ने कहा की पिता के हर अधूरे सपने को पूरा करने के लिए मैं बरही विधानसभा क्षेत्र में आया हूं। यहाँ वर्षो से विकाश को दरकिनार कर सिर्फ जा. तिवाद की राजनीति की जा रहीं है। वहीं मौके पर मौजूद सैकड़ों महिला एवं पुरुषो ने उन्हें समर्थन देने का आश्वासन दिया। मौके पर अनिल प्रजापति,विशाल प्रजापति, शंकर ठाकुर, राधिका सिंह, रिजवान अंसारी, विजय गुप्ता, छोटन ठाकुर, बब्लू साहु एवं सन्नी कुमार मौजूद थे।

# बेहतर रिजल्ट प्राप्त करने के बाद गुरुओं का आशीर्वाद लेने पहुंची छात्राएं

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




मैट्रिक रिजल्ट का परिणाम घोषित होने के बाद बेहतर रिजल्ट प्राप्त करने वाले छात्राओं में सुमन कुमारी, सुलेखा कुमारी, सोनिया कुमारी, काजल कुमारी, श्रुति कुमारी एवं टिंकू कुमारी ने शुक्रवार को अपने गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त करने विद्यालय पहुंची। साथ ही विद्यालय पहुंचकर अपने उन सुनहरे पलों को याद किया जो अपने अध्ययन के समय व्यतीत की थी। वहीं विद्यालय के अनुभवी शिक्षक गांगो प्रसाद महतो ने बच्चों के बीच अपना अनुभव साझा किया। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बच्चों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

APEM LIVE

# आवास, पेंशन एवं राशनकार्ड के नाम पर ना दे किन्ही को रिश्वत : मंगलदेव यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कोल्हुआकला पंचायत के मुखिया मंगलदेव यादव ने अपने पंचायत के लोगों से अपील किया हैं कि कोई भी व्यक्ति अगर आपसे पेंशन, आवास, राशनकार्ड बनाने में अगर रिश्वत की मांग करते है तो आप हमें सुचित करें। उसके खिलाफ विभाग में शिकायत कर सख्त से सख्त कदम उठाया जायेगा। साथ ही अ०नलाइन संबंधित काम जैसे कि छात्र-छात्रों का आधार कार्ड, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, साथ ही अन्य कोई भी अ०नलाइन संबंधित काम हो यदि आपलोग से सरकार द्वारा तय राशि से कोई प्रज्ञा केंद्र वाले ज्यादा पैसे का मांग करते है तो उस प्रज्ञा केंद्र के बारे में हमें सुचित करें। जहाँ तक संभव होगा उसके खिलाफ विभाग में शिकायत की जाएगी तथा उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। इसके लिये मुखिया मंगलदेव यादव ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया हैं जो इस प्रकार है 9304654241, 7633981536। साथ ही उन्होंने शिकायतों का विडियो रिक०र्ड करके साक्ष्य के साथ दिये गये नंबर पर भेजने की अपील किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि कोई भी ओनलाइन संबंधित काम हो या यदि कोई जानकारी लेना है तो दिये गये नंबर से आप सही जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत की उन्नति के लिए यह कदम उठाया जा रहा है कि किसी भी ग्रामीण या लाभुक को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## एनजीटी के रोक के बावजूद नदियों से हो रहा है बालू उठाव, अधिकारी मौन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मानसून के आगमन के पूर्व बालू घाटों वा नदियों से बालू उठाव पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। एन जीटी के आदेश के बाद 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू का उठाव नही किया जाना है। इसके मुताबिक बरसात के मौसम में नदी क्षेत्र से बालू नही निकाला जा सकता है। जिले में इस आदेश को खनन विभाग ने प्रभावी तरीके से लागू कर दिया है। कहीं भी अवैध बालू उठाव की सूचना पर त्वरित कार्रवाई भी की जा रही है। वहीं शुक्रवार को बराकर नदी से अवैध बालू उठाने का मामला प्रकाश में आया है। अब तो एनजीटी भी बालू उठाव पर रोक लगा दी है। फिर भी बालू उठाव हो रहा है।

**एनजीटी क्या है**

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की स्थापना 18/10/2010 को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एक्ट 2010 के तहत पर्यावरण संरक्षण और वनों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से सं. बंधित मामलों के प्रभावी और त्वरित निपटान के लिए की गई है।

## गौरियकर्मा पैक्स में प्रमुख व मुखिया ने किया अनुदानित धान बीज केंद्र का उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बीज वितरण कर केंद्र का उद्घाटन करते प्रमुख एवं अन्य

गौरिया कर्मा पैक्स में अनुदानित खरीफ धान बीज केंद्र का उद्घाटन प्रमुख मनोज कुमार एवं स्थानीय मुखिया कुमारी मीरा एवं पंचायत समिति सदस्य गिरधारी लाल यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रमुख मनोज कुमार ने कहा कि खरीफ धान बीज सरकारी स्तर पर 50 प्रतिशत अनुदान में उपलब्ध है। प्रत्येक किसान को 30 किग्रा धान का बीज दिया जाना है। मौके पर एक किसान सुखदेव प्रसाद को आई आर 64 धान बीज देकर केंद्र का शुभारंभ किया गया। मौके पर पैक्स अध्यक्ष विजय कुमार, बीसीओ संजय यादव, बीटीएम चिंताहरण पाठ्क, एटीएम उमेश राणा, कृषक मित्र अशोक कुमार, वार्ड सदस्य बीरेंद्र पांडेय, बिनोद यादव , फूलचंद सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## प्राथमिक विद्यालय रानीचुवा में बच्चों को लगाया गया कोविड वैक्सीन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रानीचुवाँ पंचायत के प्राथमिक विद्यालय रानीचुवाँ में टीकाकरण शिविर लगाया गया।। टीकाकरण शिविर का उद्घाटन मुखिया मूर्ति देवी एवं वार्ड सदस्य सरिता देवी एवं कविलास देवी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर 12 वर्ष से 18 वर्ष तक के स्कूल में अध्ययन रत बच्चों को कोविड टीका दिया गया। मौके पर समाजसेवी रामचन्द्र टुड्डू ने सभी से कोविड वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया।

## उच्च विद्यालय करियातपुर के छात्राओं ने दसवीं बोर्ड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## 477 अंक लाकर स्मिता कुमारी बनी विद्यालय टॉपर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**







बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में संचालित उच्च विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शत प्रतिशत सफलता हासिल किया। इस विद्यालय के कुल 373 छात्र एवं छात्राएं दसवीं बोर्ड में शामिल हुए। जिसमें 370 बच्चे प्रथम श्रेणी से पास किए। वहीं स्मिता कुमारी 477 अंक लाकर विधयलय ट०पर बनी, द्वितीय स्थान पलक कुमारी, तृतीय अंजली कुमारी ने हासिल किया। विद्यालय के शिक्षको ने बताया की हम सभी शिक्षक अपने छात्र छात्राओं के प्रदर्शन से खुश है। साथ ही सभी शिक्षकों ने सभी बच्चों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

APEM LIVE

## प्रसव के बाद महिला की इलाज के लिए रांची ले जाने के दौरान हुई मौत

### आक्रोशित ग्रामीणों ने नर्सिंग होम को आग के हवाले किया





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : केरेडारी प्रखंड के जोको निवासी विजय तिवारी के बहू 25 वर्षीय पूजा देवी( पति रामकुमार तिवारी) की बीती रात गुरुवार लगभग 1:00 बजे न्यू कर्णपुरा नर्सिंग होम बड़कागांव में प्रसव के बाद इलाज के लिए रांची ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो जाने कि मामला प्रकाश में आया है। महिला ने जुड़वा पुत्र को जन्म दिया है दोनों का इलाज हजारीबाग सिटी लाइट हॉस्पिटल में किया जा रहा है। हालत गंभीर होने के कारण दोनों को आईसीयू में रखा गया है। महिला की मौत को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह 7:30 बजे नर्सिंग होम को आग के हवाले कर दिया । पुलिस प्रशासन को जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर इस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह ,थाना प्रभारी विनोद तिर्की, एसआई अजीत सिंह एवं अन्य सशस्त्र पुलिस बल पहुंचकर दमकल वाहन लगाकर आग बुझवाने का काम किया । बहू पूजा देवी की मौत को लेकर ससुर विजय तिवारी ने बड़कागांव थाना में आवेदन देकर डॉक्टर , नर्सिंग होम के संचालक व अन्य आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में लिखा गया है कि मैं अपनी बहू पूजा देवी को प्रसव पीड़ा के बाद एएनएम मंजू देवी के पास गुरुवार रात 9:30 बजे लेकर आया जहां पहले से भी उसका इलाज चल रहा था। वहां बताया गया कि पूजा देवी के गर्भ में जुड़वा बच्चे पल रहे हैं उनका तत्काल ऑपरेशन करना पड़ेगा अन्यथा बच्चेदानी फटने का डर है। अतः दबाव डालकर और उस पर न्यू नर्स कर्णपुरा हॉस्पिटल में भर्ती करवा कर गैर प्रशिक्षित डॉ अनामिका कुमारी पुत्री मंजू देवी के द्वारा गलत ढंग से ऑप. रेशन कर दिया गया। और बताया गया कि पूजा देवी ठीक है। लेकिन जुड़वा बच्चों की स्थिति ठीक नहीं है, हजारीबाग सिटी लाइव हॉस्पिटल लेकर चले जाइए। बाद में पूजा देवी की स्थिति गंभीर होने के बाद और लगातार ब्लीडिंग होने की वजह से न्यू कर्ण. पुरा हॉस्पिटल के संचालक भाई के द्वारा आरोग्यं हॉ. स्पिटल ले जाया गया जहां से रांची रेफर कर दिया गया। किंतु रंजीत कुमार के भाई जो न्यू कर्णपुरा हॉ. स्पिटल के संचालक हैं, के द्वारा सदर हॉ. स्पिटल हजारीबाग ले जाया गया। जहां से रांची रेफर होने के बाद मरीज पूजा देवी को रांची ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई ।आवेदन में आगे लिखा गया है कि मंजू कुमारी के द्वारा डॉक्टर का चयन किया गया जो सर्जन नहीं थी और ना ही उस हॉस्पिटल में बेहोश करने का भी कोई डॉक्टर था। जानबूझकर मंजू कुमारी एवं न्यू कर्णपुरा हॉस्पिटल के संचालक पैसे की लोभ में पूजा देवी की जान ले ली। तथा अपने नर्सिंग होम में तोड़फोड़ करने के पश्चात हम लोगों को फ़साने के उद्देश्य से आग लगा दी। मामले को लेकर डॉ अनामिका एवं एएनएम मंजू कुमारी ने कहा कि लगाई गई आरोप बेबुनियाद एवं निराधार है ऑपरेशन करने वाला कोई और है यह जांच का विषय है।

नर्सिंग होम में आग लगने के कारण कई कीमती मशीनें एवं नकदी रकम जलकर राख हो गए मामले को लेकर नर्सिंग होम के संचालक रंजीत ने बताया कि बहन की शादी के लिए 3 लाख नगद इसके अलावा नर्सिंग होम में स्वास्थ्य एवं रोगों की जांच के लिए लगाई गई कई कीमती मशीनें के अलावा नर्सिंग होम संबंधित कई महत्वपूर्ण सामग्रियां जलकर राख हो गई है लगभग 25 से 30 लाख का नुकसान हुआ है। मामले को लेकर थाना में लगभग 10 नामजद एवं 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने को लेकर आवेदन देने जा रहा हूं । बड़कागांव प्रखंड में लगभग दर्जनभर नर्सिंग होम चलाए जा रहे हैं जिसमें 2-3 नर्सिंग होम छोड़कर सभी नर्सिंग होम अवैध रूप से चलाए जा रहे हैं मामले को लेकर चिकित्सा पदा. धिकारी डॉ बीएन प्रसाद से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सिविल सर्जन के द्वारा आदेश जारी किया गया है कि प्रखंड में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम पर कार्रवाई की जाए। जिसमें बड़कागांव अंचलाधिकारी थाना प्रभारी एवं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संयुक्त रुप से करवाई करने की आदेश आया हुआ है।

## जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने कियाकृषिगत बहुदेशीय संस्थान का फीता काट कर उद्घाटन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज गिरिडीह जिला मे नाबार्ड द्वारा जमुआ प्रखण्ड के दलिया में संच. ालित पर्णहरित प्रोड्यूसर लिमिटेड की कृषिगत बहुउद्देशीय संस्थान का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने फीता काट कर किया। किसान संगोष्ठी को संबो. धित करती हुई जिला परिषद सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने कहा कि उन्होंने भारतकृषिप्रधानदेश है और कृषक अन्न देवता हैं और उनका मान सम्मान हम सबों का परम कर्तव्य है।साथ ही साथ वर्तमान तकनीक युग में गुणवत्तायुक्त खेती आवश्यक है। जैविक खेती पर बल देते हुए उन्होने कहा कि भूमि की उर्वरा शक्ति बनाये रखने के लिए केंचुआ खाद जैसे प्राकृतिक उर्वरा शक्ति आवश्यक है। संगोष्ठी को एल डी एम प्रकाश कुमार,कृषि विज्ञान केन्द्र गिरिडीह के टी ओ डा आदर्श श्रीवास्तव, वैज्ञानिक डा मनोज कुमार, स्थानीय मुखिया झरी महतो, संस्था निदेशक सुरेश वर्मा, इत्यादि ने संबोधित किया। आज के कार्यक्रम का संचालन आइडिया के जिला प्रमुख कृष्ण मुरारी शर्मा ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कृषक उप. स्थित थे।

APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बिरनी के कई बेटियों ने मैट्रिक परीक्षा में लहराया परचम

### आगे भविष्य में पढ़ – लिखकर शिक्षिका बनकर देश की सेवा करनी चाहती है। प्रियंका और मनीषा

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




झारखंड एकेडमिक राँची द्वारा झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो में परिमाण जारी मंगलवार को कर दिया।वही स्कूली बच्चों ने आपने परिमाण देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। धड़कन भी तेज से धड़क रहा था हालकि इधर बिरनी प्रखंड के गांव वा किसानों के बच्चों ने मैट्रिक में आपने अंक लेकर गांव समेत स्कूल और आपने परिवार का नाम रोशन किया।जानकारी के मुता. बिक बता दे की बिरनी प्रखंड अंतर्गत खेरगढ़वा गांव के दिलीप वर्मा ने मैट्रिक में 95.6%लाया है।वही बिरनी प्रखंड अंतर्गत पेशम में संचालित ब्रिलियंट कोचिंग सेंटर से मनीषा कुमारी 94%वा प्रियंका कुमारी 93. 80%लाकर कोचिंग सेंटर का नाम बढ़ाया। वही इस कोचिंग के बच्चों के शिक्षा दे रहे अधपका ने बताया कि

वही के डी पब्लिक स्कूल पोखरिया के 10वी छात्र भी सफल हुवे। बता दे कि गजेंद्र कुमार वर्मा ने 90. 2%वा दिलीप कुमार 88. 6% और विक्रम कुमार वर्मा 87% लाकर स्कूल के रौशन किया जिसमें इस मैट्रिक परीक्षा में शामिल होकर सफल छात्रों रहे। कुलपति वर्मा, पूजा कुमारी, वीणा कुमारी, अंजसी कुमारी, उषा कुमारी, प्रियंका कुमारी,मुस्कान प्रवीण, नजबीन खातून,नायमुद्दीन अन्सारी, सफीक अन्सारी और कोशर अन्सारी समेत 20 छात्र सफल रहे।

बिरनी प्रखंड के अंतर्गत जनता जरीडीह में स्थित आर.के. ग्लोबल स्कूल का मैट्रिक परीक्षा में इस बार भी सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास हुए। जहां 500 में से 466 अंक के साथ 93.2 प्रतिशत लाकर विवेक कुमार साहू विद्यालय ट०प किया, 89. 8 प्रतिशत से आनंद कुमार साव दूसरे एवं 89. 6 प्रतिशत से शिल्पा वर्मा व रंजीत कुमार साव तीसरा स्थान पर रहे। कुल 15 विद्यार्थियों में से 10 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए तथा 5 विद्यार्थियों ने भी प्रथम श्रेणी के साथ 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने में सफल रहा। इन सभी बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने विद्यालय के शिक्षकों को दिया। बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन देखकर विद्यालय के संचालक अज़हर अंसारी ने कहा कि सभी बच्चों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया है जो गौरव की बात है और कहा कि इस बार मैट्रिक परीक्षा में सभी लड़कियों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने में सफल रहीं जो कि इस तरह के परिणाम आने से समाज में लड़कियों का स्तर बहुत ऊंचा उठेगा।वही बिरनी प्रखंड अंतर्गत एसेंट पब्लिक उच्च विद्यालय खाखीपिपर से आपने कक्षा से तौफीक आलम ने 84ः लगा। आपने कक्षा में पहला स्थान प्राप्त किया। साथ मे मैट्रिक परीक्षा में शामिल इस विद्यालय के निखहत प्रवीण,ऐशा प्रवीण, रुखसार खातून,नगमा खातून,सजिना प्रवीण,सहीद अन्सारी, हसनैन अन्सारी, जावेद हसन,साहिल अन्सारी, अभिषेक मडंल, जुनैद,असलम अन्सारी और वारिश अन्सारी शामिल थे।साथ मे बी डी पब्लिक हाई स्कूल खुरजिओ के सचिन कुमार ने 91.2% लाकर आपने स्कूल में टॉप किया।

## बिरनी प्रखंड के अंतर्गत ग्राम चानो इलाके के चर्चित खेल प्रेमियों का ऐतिहासिक क्षेत्र रहा है

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**मुन्ताज अंसारी**




बिरनी प्रखंड के अंतर्गत ग्राम चानो इलाके के चर्चित खेल प्रेमियों का ऐतिहासिक क्षेत्र रहा है जो इसे लेकर के युवाओ ने विधायक विनोद कुमार सिंह से खेल स्टेडियम की मांग किया गया था

जो इसे लेकर विधायक विनोद कुमार सिंह ने पहल करते हुए मिनी खेल स्टेडियम का निर्माण की अनुशंसा कर स्वीकृति दे दी है भूमि उपलब्ध की सर्वे का आदेश उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कार्यालय गिरिडीह( जिला खेल शाखा) से पत्र प्राप्त हो चुका है जिसका सर्वे अंचलाधिकारी बिरनी के आदेशानुसार हल्का नंबर 1 के राजस्व कर्मचारी प्रतीक कुमार एवं राजस्व अमीन दिनेश प्रजा. पति द्वारा भूमि का विस्तृत निरीक्षण करते हुए भूमि उपलब्ध हेतु अग्रसारित कर दी गई है। मौके पर मौजूद थे टेक नारायण सिंह, सुखदेव सिंह ,रंजन सिंह.। जो इसे लेकर युवाओ, खेल प्रेमियों तथा इलाके के ग्रामीणों में काफी खुशी की लहर है। जो चानो के युवाओं एवं इलाके के युवाओं ,खेल प्रेमियों तथा इलाके के ग्रामीणों ने माननीय विधायक विनोद कुमार सिंह जी को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## उपप्रमुख ने प्रखंड विकास पदाधिकारी बिरनी को लिखा आवेदन

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**


उपप्रमुख
शेखर शरण दास
प्रखण्ड – बिरनी, जिला – गिरिडीह
(झारखण्ड)
पिन कोड – 825324

आवास
ग्राम + पो० – खुरजियो
थाना – बिरनी, जिला – गिरिडीह
झारखण्ड पिन कोड – 825324
मो० – 9973684735

पत्रांक 01/22 दिनांक 24.06.22

प्रेषक
उपप्रमुख बिरनी

सेवा में
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी बिरनी गिरिडीह

उपप्रमुख
प्रखण्ड – बिरनी
जिला – गिरिडीह (झारखण्ड)

बिरनी प्रखंड के उपप्रमुख शेखर शरण दास ने प्रखंड विकास पदाधिकारी बिरनी को लिखा आवेदन शेखर शरण दास आवेदन में कहा कि प्रखंड के सभी पंचायतों में लंबे समय से कार्यरत पंचायत सेवक रोजगार सेवक को एक दूसरे पंचायत स्थान्तरित करे और कहा कि प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में नियुक्त पंचायत सेवक रोजगार सेवक एवं लंबे समय से पंचायतों में कार्यरत हैं। जबकि ऐसा होना कार्यहीत में बिल्कुल सही नही है। हाल ही में आसन त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ऐसे कई मुखिया पंचायत समिति सदस्य नए निर्वचित होकर आए हैं।जिन्हें अपने पंचायत में काम करने में परेशानी होगी इसलिए तत्काल प्रभाव से प्रखंड के सभी पंचायतों में कार्यरत पंचायत सेवक रोजगार सेवक को स्थन्तरन करे ताकि सभी नवनिर्वाचित मुखिया पंचायत समिति को विकास करने में सुविधा हो।

## सर जे सी बोस बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित किया गया मान सम्मान समारोह

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला के बरगंडा गिरिडीहस्थितसरजेसी बोस बालिका उच्च विद्यालय में विद्यालय परिवार की ओर से मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करनी वाली छात्राओं के लिए मान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे विद्यालय परिवार सर जे सी बोस बा. लिका उच्च विद्यालय बरगंडा गिरिडीह ने मैट्रिक परीक्षा परिणाम में ट०प टेन छात्राओं को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया गया । और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । शिक्षक मुन्ना कुशवाहा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की अपने जीवन में आने वाली हर मुसीबत को झेलते हुए विद्या रूपी ज्ञान को पाना है और भविष्य को उज्जवल बनाना है। आज1. स्नेहाकुमारीसिन्हा-92. 60% 2.अनीशाकुमारी -91. 60% 3.पूजा कुमारी -88. 80% 4.किरण टुड्डू -88. 40% 5.आर्ची कुमारी -88% 6.प्रिया सारस्वत -86. 80% 7.रिंकी कुमारी -81%को मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया और विद्यालय परिवार ने उतीर्ण छात्राओं के बेहतर भविष्य की शुभकामनाए दी। मौके पर शिक्षक मुन्ना कुशवाहा पपिया सरकार, संध्या संथालिया,गीता कुमारी सिंह ,भावना कुमारी,कुसुम कुमारी,अमृता कुमारी , अमरेश कुमार,हेमंत कुमार सहित सभी थे

## एनएमओपीएस गिरिडीह इकाई ने किया 26जून को रांची में आहूत पेंशन जयघोष महासम्मेलन की जोरदार तैयारी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज एनएमओपीएस गिरिडीह जिला इकाई का 26 जून पेंशन जयघोष महासम्मेलन को लेकर जिला टीम ने अपनी तैयारी को अंजाम देते हुए सदर प्रखंड के सरकारी कार्यालयों सदर अस्पताल एसडीओ अ०फिस उच्च विद्यालय पचंबा मकतपुर सुग्गासर उच्च विद्यालय बनियाडीह उच्च विद्यालय पुलिस लाइन के सभी पदाधिक. ारियों जिला समाहरणालय संगठन के के समस्त पदा. धिकारियों के साथ बैठक कर इस मुहिम को अंतिम रूप दिया । उल्लेखनीय है कि एनएमओपीएस झारखंड के बैनर तले 26 जून मोराबादी फुटब०ल स्टेडियम के इस जयघोष महा. सम्मेलन में सूबे के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे और एनएमओपीएस की राज्य कार्यकारिणी के साथ साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु जी अपनी पूरी फौज के साथ शामिल होंगे आज की मुहिम खासकर एनएमओपीएस की उस महिला प्रकोष्ठ को समर्पित रहा जिसमें महिलाओं में 26 जून पुरानी पेंशन ही एक जुनून के साथ अपने बाहों पर ओ पी एस हेस्टैक का मेहंदी रचा कर पूरे झारखंड के उन महिला साथियों को प्रेरित किया है। जो अभी भी इस मुहिम में शामिल होने में खुद को संकोच कर रही है आइए 26 जून इस महा जयघोष सम्मेलन को सफल करें और सभी कर्मचारी पुरानी पेंशन को लेकर अपने अपने घरों को चले आज की इस मुहिम में समाहरणालय के श्री अनूप कुमार सिन्हा मुक्तेश्वर प्रसाद मुरारी प्रसाद प्रदीप गोस्वामी जी प्यारेलाल पांडे अमित कुमार सिन्हा संजीत कुमार सिंह झारखंड के तमाम विभागों के पदाधिकारी एनपीएस के प्रांतीय मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद जिला कोषाध्यक्ष रविकांत चौधरी शिक्षकेतर कर्मचारी के संयोजक विकास सिन्हा मीडिया प्रभारी मिथुन राज साथी बम शंकर जी और खास इस प्रखंड गिरिडीह के संयोजक राजेश कुमार सिंह के साथ साथ दरसैकड़ों की संख्या में लोगों ने इस तैयारी को अंजाम दिया हम 26 जून की सुबह 6:00 बजे झंडा मैदान से सभी कुछ करेंगे और ऐतिहासिक मोराबादी मैदान में ऐतिहा. सिक निर्णय का गवाह बनेंगे।

## भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव मिले दिवंगत फागू यादव के परिजनो से

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज भाजपा के झारखण्ड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव ने गिरिडीह जिला के सदर प्रखंड स्थित श्रीरामपुर के फागू यादव जिसकी बिजली तार की चपेट में आकर जान गंवा देनेवाले के परिजनो से मिले और ढाढस बंधाया। साथ ही जिला प्रशासन और बिजली विभाग के पदाधिकारियों से बातचीत कर उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा जताया। प्राप्त जानकारी अनुसार गिरिडीह जिला के सदर प्रखंड स्थित श्रीरामपुर पंचायत के कल्हामानझो निवासी का पिछले दिनों 21 जून को 11000 तार से करंट लगने से फागु यादव की मृत्यु हो गई थी। शोकाकुल परिजनों से मिला, साथ मे मण्डल अध्यक्ष राजेश गुप्ता पूर्व मुखिया सह पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मणिलाल साव रामेश्वर यादव संजय यादव सुमन राय नरेश यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

APEM
LIVE